**Regarding the need to revive Ashok Paper Mill which was closed in 1995 or to set up new industry on the land occupied by Ashok Paper Mill in the Samastipur Parliamentary Constituency**

श्रीमती शांभवी **(**समस्तीपुर**) :** महोदया, आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण और गंभीर विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र समस्तीपुर अंतर्गत हायाघाट विधान सभा में अशोक पेपर मिल करके एक पेपर मिल इंडस्ट्री थी । कई वर्षों से यह अशोक पेपर मिल बंद है और इसके पास लगभग 400 एकड़ जमीन है । उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 1995 में निर्णय दिया था कि अशोक पेपर मिल को वापस रिवाइव किया जाए, लेकिन उसके बावजूद अभी तक अशोक पेपर मिल को रिवाइव नहीं किया गया है । मेरी सरकार से माँग है कि या तो किसी विशेष आर्थिक पैकेज के तहत अशोक पेपर मिल को रिवाइव किया जाए या फिर उसकी जमीन पर इंडस्ट्री लगाकर रोजगार के प्रावधान युवाओं के लिए सुनिश्चित किए जाएं । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।